।।दे दे थोड़ा प्यार बाबा।।

दे दे थोड़ा प्यार बाबा,
तेरा क्या घट जायेगा,
ये बालक भी तर जायेगा,
दे दे थोड़ा प्यार ....

दे दिया तुमने,
सबको सहारा श्याम,
जो द्वारे आया है,
भर दिया दामन,
उसका खुशी से श्याम,
जो अर्जी लाया है,
दे दे थोड़ा प्यार ....

मुझको देने से खजाना,
कम नहीं हो जायेगा,
ये बालक भी तर जायेगा,
दे दे थोड़ा प्यार ....

कश्ती मेरी ये श्याम,
तेरे हवाले है,
इसे तुम पार करो,
अगर दे दिया मुझको,
तूने किनारा श्याम,
तो ये विश्वास करो,

Downloaded from khatunareshshyambaba.in
Website design & developed by syllogisticinoftech.com

ये तेरा दरबार,
ये तेरा दरबार जय जयकारो,
से गुंज जायेगा,
ये बालक भी तर जायेगा,
दे दे थोड़ा प्यार ....

ये ज़िंदगानी श्याम लिख दी,
हमने तुम्हारे नाम पे,
हम बेसहारा है भटके कहाँ,
तू आकर थाम ले,
श्याम तेरा अहसान,
सेवक भूलने न पाएगा,
यह बालक भी तर जायेगा,
दे दे थोड़ा प्यार ......

Downloaded from khatunareshshyambaba.in
Website design & developed by syllogisticinoftech.com